## गुरु नानक जयंती

15 नवंबर को गुरु नानक देव की 555वीं जयंती मनाई गयी।

**प्रमुख बिंदु -**

- गुरु नानक देव की जयंती हर साल **कार्तिक माह की पूर्णिमा** के दिन मनाई जाती है, जो इस साल 15 नवंबर को है।
- गुरु नानक जयंती को गुरु पर्व और प्रकाश पर्व के रूप में मनाया जाता है।

**गुरु नानक देव के बारे में**

- नानक देव जी (सिख धर्म के संस्थापक) का जन्म **15 अप्रैल, 1469 में तलवंडी** (अब पश्चिम पाकिस्तान) में हुआ था।
- उनके पिता जी का नाम **मेहता कालू** और माता जी का नाम **तृप्ता** था।
- उनके पिता तलवंडी गांव में पटवारी का कार्य किया करते थे।
- गुरु नानक देव जी ने वर्ष 1487 में शादी की, उनकी पत्नी का नाम सुलखनी था।
- इनके दो पुत्र **श्रीचंद और लख्मी चंद** थे।
- गुरु नानक देव जी का निधन 22 सितंबर, 1539 में करतारपुर में हुआ था।

**गुरु नानक देव की शिक्षाए**

- गुरु नानक देव के अनुयायी उन्हें **नानक और नानकदेव, बाबा नानक और नानक शाह** जी नामों से भी संबोधित करते हैं।
- गुरु नानक देव ने 'इक ओंकार' का संदेश फैलाया था, जिसका अर्थ है **'एक ईश्वर**।
- उनके उपदेश तीन मुख्य सिद्धांतों पर आधारित हैं:
  - **नाम जपो -** ईश्वर का नाम सिमरन करो।
  - **किरत करो -** ईमानदारी से काम करो।
  - **वंड छको -** अपनी कमाई को दूसरों के साथ साझा करो।
- गुरु नानक देव जी की रचनाएँ **"गुरु ग्रंथ साहिब"** में संकलित हैं। इनकी प्रमुख रचना जपजी साहिब है, जो सिख धर्म के मूल सिद्धांतों को प्रकट करती है।



## पुरस्कार/ उपाधि

**'डोमिनिका अवार्ड ऑफ ऑनर'**

- कैरेबियाई देश डोमिनिका ने **भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** को अपना सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार 'डोमिनिका अवार्ड ऑफ ऑनर' से सम्मानित करने की घोषणा की है।
- प्रधानमंत्री को यह पुरस्कार **कोविड-19 महामारी** के दौरान डोमिनिका के लिए पीएम मोदी के योगदान और दोनों देशों के बीच साझेदारी को मजबूत करने के लिए उनके समर्पण को देखते हुए दिया जा रहा है।
- फरवरी 2021 में प्रधानमंत्री मोदी ने डोमिनिका को **एस्ट्राजेनेका कोविड-19 वैक्सीन की 70 हजार खुराकें** भिजवाई थीं, डोमिनिका ने अपने पड़ोसी कैरेबियाई देशों को भी ये वैक्सीन दी थी।
- **नोट:** पीएम मोदी पापुआ न्यू गिनी ('ग्रैंड कम्पेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ लोगोहू),फ्रांस ('ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर'), ग्रीस ('द ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर' ) आदि देशो के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित हो चुके है |

## चर्चित व्यक्तित्व - नियुक्ति

**तुलसी गबार्ड**



अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय मूल की तुलसी गबार्ड को **राष्ट्रीय खुफिया निदेशक** के पद पर नियुक्त किया है।

वे अवरील हेन्स की जगह लेंगी।

वह अमेरिका की पहली हिंदू सांसद रही हैं।

इसके अलावा, **सीनेटर मार्को रूबियो को विदेश मंत्री और मैट गेट्ज को अटॉर्नी जनरल** के पद पर नियुक्त किया गया है।

**एलिस स्टेफनिक**



राष्ट्रपति-निर्वाचित डोनाल्ड ट्रंप ने रिपब्लिकन प्रतिनिधि एलिस स्टीफैनिक को **संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत** के रूप में नामित किया है।

## युद्ध अभ्यास

**केरिस वूमेरा 2024**

- **इंडोनेशियाई और ऑस्ट्रेलियाई सेनाओं** ने 13 नवंबर, 2024 को संयुक्त युद्ध अभ्यास शुरू किया।
- इस अभ्यास में लगभग 2,000 सैनिक हवाई, समुद्री, जलस्थलीय और स्थलीय अभियानों की श्रृंखला में भाग ले रहे हैं।
- लाइव-फायर सेगमेंट पूर्वी जावा में बनोंगन समुद्र तट के पास आयोजित हो रहा है।
- यह अभ्यास **इंडो-पैसिफिक एंडेवर 2024 का हिस्सा** है। यह पहल इस क्षेत्र में ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय भागीदारी का प्रतिनिधित्व करती है।

## महत्वपूर्ण दिन/तारीख

**15 नवंबर**

**राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस**





- भारत में हर साल 15 नवंबर को आदिवासी गौरव दिवस मनाया जाता है।
- यह दिन **जनजातीय नेता और स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती** के अवसर पर मनाया जाता है।
- वर्ष 2021 में केंद्र सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को राष्ट्रीय आदिवासी गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी।

**बिरसा मुंडा के बारे में -**

- बिरसा मुंडा का जन्म **15 नवंबर 1875** को **झारखंड के उलीहातू गाँव** में हुआ था।
- वे मुंडा जनजाति से संबंधित थे और उनके माता-पिता का नाम सुगना मुंडा और करमी हटू था।
- बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के खिलाफ **"उलगुलान"** (महान विद्रोह) का नेतृत्व किया था।
- उन्होंने किसानों और आदिवासियों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी थी और अंग्रेजी हुकूमत के ज़मींदारी प्रथा का विरोध किया था।

**14 नवंबर**

**विश्व मधुमेह दिवस 2024**




- विश्व मधुमेह दिवस हर साल **14 नवंबर** को मनाया जाता है।
- मधुमेह एक दीर्घकालिक बीमारी है जो या तो तब होती है जब **अग्न्याशय पर्याप्त इंसुलिन का उत्पादन नहीं करता** है या जब शरीर अपने द्वारा उत्पादित इंसुलिन का प्रभावी ढंग से उपयोग नहीं कर पाता है।
- रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने के लिए इंसुलिन आवश्यक है, और उचित इंसुलिन कार्य के बिना, रक्त शर्करा अनियंत्रित रूप से बढ़ सकती है, जिसे **हाइपरग्लाइसेमिया** के रूप में जाना जाता है।

- **इस वर्ष विषय है:** 'ब्रेकिंग बैरियर्स, ब्रिजिंग गैप्स'
- विश्व मधुमेह दिवस की स्थापना **वर्ष 1991** में अंतर्राष्ट्रीय मधुमेह संघ (IDF) और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा की गई थी।

## विविध

- केंद्र सरकार ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) की **पहली महिला बटालियन** बनाने की मंजूरी दी है।
  - इस बटालियन में 1,000 से अधिक महिलाएं शामिल होंगी। किसी भी इमरजेंसी में ये बटालियन कमांडो की तरह सुरक्षा देगी। देश में CISF की 12 बटालियन हैं, लेकिन इनमें एक भी महिला बटालियन नहीं है। यह पहली बटालियन होगी, जिसमें केवल महिलाएं होंगी।
- नई दिल्ली स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण इंदिरा गांधी खेल परिसर के इंदिरा गांधी खेल परिसर में दो दिवसीय **प्रथम बोडोलैंड महोत्सव** 15 और 16 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया।
  - महोत्सव का विषय 'समृद्ध भारत के लिए शांति और सद्भाव' है।

ONLYIAS BY PHYSICS WALLAH